# झारखण्ड विधान सभा सचिवालय

पत्र सं0-कार्य0का0सू0-13/2024-3114 /वि0स0।

प्रेषक,

सैयद जावेद हैदर
प्रभारी सचिव,
झारखण्ड विधान सभा,राँची।

सेवा में,

माननीय सदस्यगण, झारखण्ड विधान सभा,राँची।
माननीय मुख्यमंत्री एवं मंत्रिगण, झारखण्ड सरकार,राँची।

राँची,दिनांक-18/07/2024

**विषयः-** पंचम झारखण्ड विधान सभा के सप्तदश (मानसून) सत्र का औपबंधिक कार्यक्रम।

महोदय/महोदया,

इस सचिवालय के पत्रांक-कार्य0का0सू0-13/2024-3113 /वि0स0,राँची,दिनांक- 18 जुलाई,2024 के क्रम में निदेशानुसार मैं, पंचम झारखण्ड विधान-सभा का सप्तदश (मानसून) सत्र के औपबंधिक कार्यक्रम की एक प्रति संलग्न कर रहा हूँ,जिसमें यह दर्शाया गया है कि उक्त सत्र तिथि-**26 जुलाई,2024** से **02 अगस्त,2024** तक के अवधि में होनेवाली बैठकों में भिन्न- भिन्न कोटि के कार्यो के निष्पादन के लिए कौन-कौन सी तिथियाँ नियत की गई हैः-

2. दिनांकः- **26 जुलाई,2024** को शपथ या प्रतिज्ञान ग्रहण (यदि हो) एवं विधान सभा के सत्र में नहीं रहने की अवधि में माननीय राज्यपाल द्वारा प्रख्यापित अध्यादेशों की प्रमाणिकृत प्रतियों का सभा-पटल पर रखा जाना (यदि हो) तत्पश्चात् शोक प्रकाश (यदि हो) लिये जायेंगे।

3. दिनांकः- **27 जुलाई और 28 जुलाई,2024** को बैठक नहीं होगी।

-: **वित्तीय कार्य** :-

04. **वित्तीय वर्ष-2024-25 के प्रथम अनुपूरक व्यय विवरणी का उपस्थापन एवं व्यवस्थापन**-दिनांक-**29जुलाई,2024** को वित्तीय वर्ष 2024-25 के प्रथम अनुपूरक व्यय विवरणी का उपस्थापन एवं दिनांक-**30जुलाई,2024** को उक्त व्यय विवरणी पर सामान्य वाद-विवाद,मतदान तथा तत्संबंधी विनियोग विधेयक का उपस्थापन एवं पारण होगा।

अतएव झारखण्ड विधान सभा की प्रक्रिया तथा कार्य-संचालन के नियम-173 एवं 268 (1) के अन्तर्गत उक्त व्यय विवरणी में सम्मिलित किसी मांग पर कटौती प्रस्तावों की सूचना नियम-168 के तहत शिथिल करते हुए दिनांक-**29जुलाई,2024** को 04:00 बजे अपराह्न तक सचिव के कार्यालय कक्ष में देने हेतु समय नियत किया गया है।

-: **विधायी कार्य** :-

**5.दिनांकः-31 जुलाई ,01 अगस्त और 02 अगस्त,2024** को राजकीय विधेयक एवं अन्य राजकीय कार्य (यदि हो) होंगे।

कृ0पृ0उ0

## -: गैर-सरकारी सदस्यों के कार्य (गैर-सरकारी संकल्प) :-

6. संलग्न कार्यक्रम को देखने से यह स्पष्ट है कि **दिनांक- 02 अगस्त,2024** को गैर-सरकारी सदस्यों के कार्य (गैर-सरकारी संकल्प)के लिए नियत किया गया है। झारखण्ड विधान सभा की प्रकिया तथा कार्य-संचालन के **नियम-126** के प्रथम परन्तुक के तहत गैर-सरकारी संकल्पों की सूचना **दिनांक- 22 जुलाई,2024** को 04.00 बजे अप0 तक सचिव के कार्यालय कक्ष में दी जा सकती है।

मैं इस संबंध में आपका ध्यान झारखण्ड विधान सभा की प्रकिया तथा कार्य-संचालन के **नियम-126** के द्वितीय परन्तुक की ओर भी आकृष्ट करता हूँ,जिसके अनुसार कोई सदस्य गैर-सरकारी संकल्प के लिए एक से अधिक सूचना नहीं दे सकते हैं।

**7.शलाका**-गैर-सरकारी संकल्पों की पूर्ववर्तिता निर्धारित करने के लिए सचिव के कार्यालय कक्ष में शलाका किया जायेगा, जिसके लिए **दिनांक - 23 जुलाई, 2024 को 04.00 बजे अप0** का समय निर्धारित की गयी है।

8. (क)-प्रश्नों की सूचनायें देने के लिए चकानुवर्त्तित कम की सारणी अलग से परिचारित की जा रही है।

(ख)-अल्प-सूचित एवं तारांकित प्रश्नों की प्राथमिकता शलाका द्वारा निर्धारित की जायेगी।

9.सत्र में भिन्न-भिन्न कोटि के कार्यों के लिए उपर्युक्त नियत तिथि ऐसे परिवर्तनों के अधीन है,जो समय-समय पर सदन में अभिज्ञापित किये जायेंगे अथवा दैनिक कार्य-सूची में दिखलाए जायेंगे ।

10. यदि कार्यवश दिनांक **-02 अगस्त,2024** के पश्चात् भी सत्र चलाना आवश्यक प्रतीत हुआ तो भिन्न-भिन्न कार्यो के निपटारे के लिए भिन्न-भिन्न तिथियाँ नियत करते हुए एक अनुपूरक कार्यक्रम बाद में निर्गत किया जायेगा।

अतः अनुरोध है कि इस सचिवालय के द्वारा समय-समय पर प्रेषित कार्य-सूची सहित अन्य ऐसे कागजात जो आपके उपयोग एवं सत्रावधि में निदेश के लिए आवश्यक हो, उसे अपने साथ अवश्य लाने की कृपा करेंगे।

विश्वासभाजन,

(सैयद जावेद हैदर) 18-7-2024
प्रभारी सचिव
झारखण्ड विधान सभा,राँची।

18/7/24

## भारत के संविधान के अधीन गठित पंचम झारखण्ड विधान सभा के सप्तदश (मानसून) सत्र का औपबंधिक कार्यक्रम

| | | |
|---|---|---|
| दिनांक 26 जुलाई, 2024 (शुक्रवार) | 1. | शपथ या प्रतिज्ञान ग्रहण (यदि हो) |
| | 2. | विधान सभा के सत्र में नहीं रहने की अवधि में माननीय राज्यपाल द्वारा प्रख्यापित अध्यादेशों की प्रमाणीकृत प्रतियों का सभा पटल पर रखा जाना (यदि हो)। |
| | 3. | शोक प्रकाश (यदि हो) |
| दिनांक 27जुलाई, 2024 (शनिवार) | | अवकाश |
| दिनांक 28 जुलाई, 2024 (रविवार) | | अवकाश |
| दिनांक 29 जुलाई, 2024 (सोमवार) | 1. | प्रश्नकाल । |
| | 2. | वित्तीय वर्ष 2024–2025 के प्रथम अनुपूरक व्यय विवरणी का उपस्थापन। |
| दिनांक 30 जुलाई, 2024 (मंगलवार) | 1. | प्रश्नकाल । |
| | 2. | वित्तीय वर्ष 2024–2025 के प्रथम अनुपूरक व्यय विवरणी पर सामान्य वाद–विवाद, मतदान, तत्संबंधी विनियोग विधेयक का उपस्थापन एवं पारण। |
| दिनांक 31 जुलाई, 2024 (बुधवार) | 1. | प्रश्नकाल । |
| | 2. | राजकीय विधेयक एवं अन्य राजकीय कार्य (यदि हो)। |
| दिनांक 01 अगस्त, 2024 (गुरूवार) | 1. | प्रश्नकाल । |
| | 2. | राजकीय विधेयक एवं अन्य राजकीय कार्य (यदि हो)। |
| दिनांक 02 अगस्त, 2024 (शुक्रवार) | 1. | प्रश्नकाल । |
| | 2. | राजकीय विधेयक एवं अन्य राजकीय कार्य (यदि हो)। |
| | 3. | गैर सरकारी सदस्यों का कार्य (गैर सरकारी संकल्प)। |

---

18/07/2024